भक्तों को भोला बड़ा प्यार करता | By Kamal Kishore Kavi

घोट घोट के भांग को शंकर भर के पिए प्याला
पीके प्याला भांग का शंकर हो जावे मतवाला
बेडा पार करता उपकार करता
सच्चे भक्तों को भोला बड़ा प्यार करता
जय हो ....

डम डम करके डमरू बजता गूँज रहे जयकारे
मस्ती अंदर झूम रहे हैं शिव के भगत प्यारे
गुण गाओ भक्तो वर पाओ भक्तों
महादेव जी के लाल कहलाओ भक्तों
जय हो ....

जटाजूट है सिर पे सोहे काँधे लटके झोली
भोला भोला कहते सारे सूरत भी है भोली
दयावान भक्तों है महान भक्तों
सारी दुनिया का करे कल्याण भक्तों
जय हो ....

शिव के मस्त मलंग हैं आये खाके भांग के गोले
हाथ उठा के जोर लगाके बोले बम बम भोले
शिव जोगी भगतों शिव भोगी भगतों
शिव किरपा सभी पे आज होगी भगतों
जय हो ....

उपकारी है भंडारी है शिव तो भोला भाला
भोले की कृपा से तर गया कर्मा रोपड़ वाला
गुण गाये भगतों वारे जाएँ भगतों
शिव कृपा से कवि कहलाये भगतों

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%a4%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0/